सत्यमेव जयते
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

01 अप्रैल 2026 / 11 चैत्र 1948

विषय: एनआईएफटीईई 2026 के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों हेतु चरण-2 साक्षात्कार के लिए साक्षात्कार-पत्र जारी किए जाने के संबंध में

दिनांक **25 मार्च 2026** को जारी सार्वजनिक सूचना के क्रम में, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा एनआईएफटीईई 2026 के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रमों मास्टर ऑफ डिजाइन (M.Des.), मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट (MFM) एवं मास्टर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (M.F.Tech.) में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए चरण-2 का आयोजन किया जा रहा है।

चयनित अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार दिल्ली में दिनांक **06, 07, 08, 09, 10 एवं 11 अप्रैल 2026** को आयोजित किए जाएंगे।

साक्षात्कार-पत्र NTA के NIFT पोर्टल (https://exams.nta.nic.in/niftee/) पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने **आवेदन संख्या एवं पासवर्ड** का उपयोग कर लॉगिन करके साक्षात्कार-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

साक्षात्कार की तिथि अथवा स्थल में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों को तदनुसार आवश्यक व्यवस्थाएँ करने की सलाह दी जाती है।

साक्षात्कार-पत्र में साक्षात्कार स्थल, रिपोर्टिंग समय तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों का विवरण उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं उनका पूर्णतः पालन करें।

अधिक जानकारी एवं अद्यतन हेतु अभ्यर्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट (www.nta.ac.in) तथा NIFT प्रवेश पोर्टल (https://exams.nta.nic.in/niftee/) का नियमित अवलोकन करें।

किसी भी सहायता हेतु अभ्यर्थी NTA सहायता-सेवा संख्या **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा **nift@nta.ac.in** पर अणु-डाक के माध्यम से अपनी समस्या प्रेषित कर सकते हैं।

निदेशक, एन.टी.ए.